प्रेस नोट संख्या- 22

दिनांक 16.12.2025

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा हत्या की घटना का अनावरण, प्रकाश में आये 02 अभियुक्त गिरफ्तार ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 14.12.2025 को थाना जगदीशपुर पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम हारीमऊ में सड़क के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया गया एवं फॉरेन्सिक टीम व थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गई। मृतक की पहचान मनोज उर्फ मुक्खन पुत्र पृथ्वी पाल सिंह निवासी गूंगेमऊ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 40 वर्ष के रूप में हुई। मृतक के भाई श्री अजीत सिंह पुत्र पृथ्वीपाल सिंह निवासी गूंगेमऊ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी की लिखित तहरीर पर मु0अ0सं0 347/25 धारा 103(1), 238 बी0एन0एस0 बनाम अज्ञात दिनांक 14.12.202 को पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये थे।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये थे। अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 15.12.2025 को थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों 1.शिवलाल पुत्र नीमर निवासी ग्राम जगधरपुर मजरे हारीमऊ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी व 2.धर्मराज उर्फ डट्टू पुत्र दातादीन उर्फ दतई निवासी ग्राम जगधरपुर मजरे हारीमऊ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। साक्ष्य संकलन के दौरान घटनास्थल से बरामद लकड़ी की फंटी व ईंट से अभियुक्तों ने मनोज उर्फ मुक्खन की हत्या करना स्वीकार किया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 13/14.12.2025 की शाम समय करीब 08 बजे वह लोग निर्माणाधीन अन्त्येष्टि स्थल पर आग जलाकर ताप रहे थे वहीं मनोज उर्फ मुक्खन भी मौजूद थे। मुक्खन ने शिवलाल के बेटे दिलीप को गाली दे दिया और एक डण्डा मार दिया था। इतने में दिलीप ने पास में पड़ी हथौड़ी से मुक्खन के चेहरे व सिर पर दो-तीन वार कर दिया था। धर्मराज उर्फ डट्टू ने भी पास में पड़ी ईंट से व शिव लाल ने लकड़ी की फंटी से मुक्खन को मारा था। जब वह शांत हो गया तो उक्त घटना को एक्सीडेंट दिखाने के लिये साइकिल से ले जाकर कुछ दूरी पर लेटा कर ऊपर से साइकिल गिरा दिया था और जहां पर मारा था वहां वापस जाकर जो खून पड़ा था उस पर मिट्टी डाल दिया था।

गिरफ्तारी के संबंध में थाना जगदीशपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –

1. शिवलाल पुत्र नीमर निवासी ग्राम जगधरपुर मजरे हारीमऊ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
2. धर्मराज उर्फ डट्टू पुत्र दातादीन उर्फ दतई निवासी ग्राम जगधरपुर मजरे हारीमऊ थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 347/25 धारा 103(1), 238 बी0एन0एस0 थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।

गिरफ्तार करने वाली टीम –

1. श्री धीरेन्द्र कुमार यादव प्रभारी निरीक्षक थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 संजीव कुमार सिंह थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार मिश्रा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
4. हे0का0 पवन कुमार यादव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
5. का0 राहुल यादव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।
6. का0 शिवम यादव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी।